सीमांकन राजस्व अधिकारियों द्वारा एवं खनिज अधिकारी की उपस्थिति में किया जायेगा। परियोजना प्रस्तावक द्वारा सीमांकन के उपरांत खनन योग्य उपलब्ध क्षेत्र की पुर्नरीक्षित खनन योजना तैयार कर सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्यतः अनुमोदन प्राप्त किया जाये।

3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा जहा तक संभव हो परंपरागत उर्जा स्त्रोत की जगह नवकरणीय उर्जा का उपयोग सुनिश्चत किया जाये।

4. परियोजना प्रस्तावक द्वारा निम्नानुसार तालिका में दर्शित वृक्षारोपण कार्यक्रम के अनुसार (सतत् सिंचाई, 5 वर्ष तक मृत पौधों का बदलाव तथा खनन अवधि तक रख–रखाव के साथ) पौधों का रोपण तथा रख–रखाव लीज अवधि तक किया जावेगा।

| क्र.. | प्रस्तावित वृक्षारोपण के लिए नियत स्थान | पौधों की प्रजातियॉ | मात्रा (संख्या में) |
|---|---|---|---|
| 1 | बैरियर जोन में | आवला, नीम, खमेर, चिरोल, सीताफल, जंगल जलेबी, सिस्सू, पीपल एवं अन्य स्थानीय प्रजीतिया | 700 |
| 2 | परिवहन मार्ग में(न्यूनतम ऊँचाई 01 मीटर) | नीम, पीपल, करंज, सप्तपर्णी, चिरोल, बरगद, जंगल जलेबी, पुत्रंजीवा, सिस्सू एवं अन्य स्थानीय प्रजीतिया ट्री–गार्ड के साथ | 250 |
| 3 | ग्राम लखमापुरडुंगरिया के नजदीक स्थित प्राथमिक उपचार केंद्र में | नीम, कदम, पुत्रंजीवा, मोलश्री, आम, कटहल ,आवला करंज एवं अन्य स्थानीय प्रजीतिया | 50 |
| 4 | ग्राम गोकलथाना के शासकिय विद्यालय परिसर में उपलब्ध क्षेत्र पर | कदम, पुत्रंजीवा, मोलश्री, करंज, सप्तपर्णी, नीम, पीपल, चिरोल, करंज एवं अन्य स्थानीय प्रजीतिया | 100 |
| 5 | खदान में प्रस्तावित गैर खनन क्षेत्र में | खमेर, चिरोल, नीम, सीताफल, जंगल जलेबी, सिस्सू , पीपल एवं अन्य स्थानीय प्रजीतिया | 600 |
| 6 | ग्रामीणों में पौधो का वितरण | आवला, आम, जामुन, अमरुद, सीताफल, अनार, इमली, निम्बू, कटहल एवं अन्य स्थानीय प्रजीतिया | 2980 |
| | | **कुल** | **4680** |

(i) परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. के तहत निर्धारित बजट अनुसार निम्नलिखित गतिविधियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा :–

- ग्राम के शासकीय स्कूल/आंगनबाड़ी की आवश्यकता के अनुरूप पेयजल व्यवस्था एवं शौचालय इत्यादि की व्यवस्था सुदृढ़ की जाये।
- ग्राम के समीपस्थ क्षेत्र में वर्षा जल संचय का कार्य किया जावे एवं मौजूद जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं जीणोद्धार किया जाये, जिससे कि ग्राम की आवश्यकतानुसार एवं किये गये वृक्षारोपण हेतु समुचित जल की व्यवस्था हो सके।
- ग्राम लखमापुरडुंगरिया ग्राम पंचायत के परामर्श से बोरवेल करवाकर हैंडपंप स्थापित किया जाये।।

**साथ ही, परियोजना प्रस्तावक जनपद पंचायत और पीएचईडी के परामर्श से जल जीवन मिशन के तहत राशि का योगदान सुनिश्चित करेगा। परियोजना प्रस्तावक उपरोक्त गांव के स्कूलों व आंगनबाड़ियों में उचित ढांचागत सुविधाएं विकसित करने/उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देगा।**

